पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी

कोटा, (निसं)। पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधीकरण की ओर से छात्र-छात्राओं को विधिक सहायता तथा पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के डिप्टी चीफ एडवोकेट रवि विजय एवं असिस्टेंट डिफेंस काउंसलर एडवोकेट कृतिका शर्मा ने बताया कि पर्यावरण दिवस पर महावीर नगर स्थित निशान कोचिंग संस्थान में लगभग 100 से अधिक कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क विधिक सहायता तथा पर्यावरण संरक्षण पर जानकारी दी। पर्यावरण को स्वच्छ रखने तथा प्रदूषण रोकने के उपाय बताए गये। एडवोकेट रवि विजय ने कहा कि छात्र-छात्राओं को पेड़ों की उपयोगिता के बारे में बताया। पुराने वाहन ना चलायें, सार्वजनिक वाहनों में यात्रा करें, आसपास के नालों को स्वच्छ रखें और वन्यजीव बचाने और प्रकृति में उनकी उपयोगिता के बारे में बताया। करणी विकास समिति में डिप्टी चीफ जया सिंह और असिस्टेंट डिफेंस कॉन्सिल वर्षा पारीक ने भी पर्यावरण संरक्षण पर कैम्प आयोजित किया।

'वंदे गंगा' अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ

- प्रभारी मंत्री ने जल पूजन किया, महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली
- 'जल है तो कल है' के संकल्प को जीवन में उतारें : दक

कोटा, (निसं)। गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर गुरूवार को जिले के प्रभारी एवं सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने चम्बल माता की मूर्ति के पास रिवर फ्रंट पर जल पूजन के साथ 'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान का जिला स्तर पर शुभारंभ किया। सहकारिता मंत्री दक एवं प्रभारी सचिव मंजू राजपाल सहित जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने चम्बल नदी की आरती की। उन्होंने चम्बल नदी में पुष्प अर्पित किए और चुनरी ओढ़ाई। इससे पहले प्रभारी मंत्री ने कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाई। रिवर फ्रंट पर करीब 400 महिलाएं कलश लेकर निकली। कलश यात्रा के माध्यम से मातृशक्ति ने जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरणीय चेतना का जनमानस तक प्रभावशाली संदेश दिया। शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि जन सहभागिता के इस कार्यक्रम के तहत 20 जून तक सभी जल संरक्षण गतिविधियों में भाग लें। उन्होंने कहा कि श्रमदान के माध्यम से कुएं, बावड़ी, सरोवर एवं तालाबों को संरक्षित करें। प्रभारी मंत्री ने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि 'जल है तो कल है, यही मेरा संकल्प है' इस भावना के साथ हमें जल संरक्षण के लिए प्रयास करने हैं। पानी बचाने का जो संकल्प आज लिया है उसे अपने जीवन में उतारें। उन्होंने किसानों से कम से कम पेस्टीसाईड्स काम में लेने, शहरवासियों को प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने तथा घर के बाहर एवं छतों पर पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ प्रकृति का दोहन नहीं करें बल्कि प्रकृति को उसके उपकार के बदले कुछ लौटाएं।

दक ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का धन्यवाद दिया जिनके प्रयासों से हरियालो राजस्थान अभियान के तहत प्रदेश में पिछले साल करीब 7 करोड़ पौधे लगाए गए और उनकी देखरेख की भी व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि हरियालों राजस्थान के तहत इस वर्ष 11 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। सभी की भागीदारी से ही इस लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर हम आने वाली पीढ़ी को विरासत में हरी-भरी प्रकृति सौंपे। उन्होंने पानी का सदुपयोग करने, पर्यावरण बचाने एवं जल संरक्षण का संकल्प लेने का आव्हान किया।

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने बेतरतीब दोहन के कारण लगातार गिर रहे भू-जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमने जल संरक्षण के प्रयास नहीं किए तो आने वाली पीढ़ी पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसेगी। उन्होंने कहा कि 'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान के तहत 20 जून तक सभी को बावड़ी, तालाब और पारम्परिक जल स्रोतों की सफाई कर उन्हें संरक्षित करना है।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मातृशक्ति को तुलसी के पौधे भेंट किए गए, ताकि वे अपने परिवार और समाज में हरियाली एवं समृद्धि का संदेश प्रसारित करें। उन्होंने पौधारोपण संकल्प अभियान की ऑनलाइन शुरुआत भी की।

शुभारंभ कार्यक्रम में जिले की प्रभारी सचिव मंजू राजपाल, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी, केडीए आयुक्त ऋषभ मंडल, आईएएस प्रशिक्षु आराधना चौहान, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, तिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, नगर निगम दक्षिण आयुक्त अनुराग भार्गव, जिला परिषद सीईओ राजपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ब्लॉक स्तर पर वंदे गंगा अभियान की शुरुआत चयनित जल स्रोत पर जल पूजन के साथ हुई। इसके साथ ही जिले में कई स्थानों पर तालाबों, सरोवर एवं अन्य जल स्रोतों तक कलश यात्रा आयोजित की गई। हर पंचायत में राजीविका से जुड़ी 21 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। अभियान के पहले दिन जल संसाधन विभाग द्वारा हर ब्लॉक में तालाब, सरोवर एवं अन्य जल स्रोतों पर पूजन एवं कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पर्यावरण दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डीसीएम श्रीराम लिमिटेड, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल और श्रीराम रेयोंस द्वारा संयुक्त तौर पर 5 जून, 2025 को रन फॉर एनवायरमेंट का आयोजन किया गया। यह आयोजन किशोर सागर तालाब पर किया गया, जिसके मुख्य अतिथि मंजू राजपाल, आईएएस प्रभारी सचिव, जिला कोटा तथा डॉ. रविन्द्र गोस्वामी जिला कलेक्टर, कोटा थे। मुख्य अतिथियों द्वारा दौड़ की शुरूआत हरी झंडी दिखाकर की गई, जिसमें लगभग 700 प्रतिभागी किशोर सागर के चारों ओर दौड़ लगाकर निर्धारित स्थान पर पहुंचे। विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हराने की थी, जिस पर डीसीएम श्रीराम के कर्मचारी साथियों ने एक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा छत्र विलास उद्यान में वृक्षारोपण किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रतीक चिन्ह के रूप में पौधे भेंट कर वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया एवं कपड़े के थैले बांटे।

पर्यावरण सप्ताह का समापन हुआ

कोटा, (निसं)। विश्व पर्यावरण दिवस पर चम्बल फर्टिलाईजर्स द्वारा पर्यावरण रैली, वृक्षारोपण, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। पर्यावरण सप्ताह का समापन प्लांट परिसर में कार्यक्रम किया गया जहाँ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पर्यावरण सप्ताह के दौरान पेंटिंग, पोस्टर्स, स्लोगन, निबंध लेखन, पर्यावरण प्रश्नोत्तरी आदि सभी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कंपनी के हेड मैन्युफैक्चरिंग, अजय तायल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराया, एवं अपने जीवन में पूर्ण रूप से प्लास्टिक प्रतिबंधित करने का सभी से आग्रह किया। तायल ने कंपनी द्वारा ऊर्जा संरक्षण और जल संरक्षण में किये जा रहे कार्यों पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कंपनी द्वारा पर्यावरण सरंक्षण के उद्देश्य से किये गए तकनीकी एवं वित्तीय निवेश के बारे में बताया एवं भविष्य में भी पर्यावरण को कंपनी की सबसे बड़ी प्राथमिकता बताया। चम्बल द्वारा विकसित टॉउनशिप एवं ग्रीन बेल्ट पर्यावरण सरंक्षण का जीता जगता उदाहरण है, इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए कंपनी ने आने वाले 2-3 वर्षों में अधिक से अधिक पौधे लगाने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। वृक्षारोपण और समापन कार्यक्रम में कंपनी के वाईस प्रेजिडेंट-टीएससी, रजनीश छाबा, आकाश वर्मा, एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

'तालाबों पर से अतिक्रमण हटाना बेहद जरुरी'

कोटा, (निसं)। तालाब बचाओ संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनोज दुबे ने तालाबों से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। मनोज दुबे ने कहा की गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस के पावन संयोग पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 'वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान' का शुभारंभ, बेहद सराहनीय एवं राजस्थान के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। लेकिन अभियान की पूर्ण सफलता के लिए तालाबों पर से अतिक्रमण हटाना बेहद जरुरी है।

मनोज दुबे ने कहा की तालाबों, नदियों, कुओं, बावड़ियों और अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ बनाने और इनको संरक्षित करने में सभी को अपना योगदान देना चाहिए। वर्षा जल के अधिक संग्रहण तथा जल स्रोतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए व्यापक स्तर पर तालाबों, नदियों, कुओं, बावड़ियों की सफाई एवं अतिक्रमण से मुक्त करने से आवश्यकता है। सरकार तालाबों पर अतिक्रमण पर कडाई से रोक लगाई जाएं।

मनोज दुबे ने कहा की पर्यावरण केवल हमारे जीवन का आधार नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक समृद्धि का मूल स्रोत भी है। हमें संकल्प लेकर प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनना होगा एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर जलवायु परिवर्तन के खतरे को समझते हुए सतत विकास की दिशा में छोटे-छोटे कदमों से बड़ा परिवर्तन लाना होगा। स्वच्छ, हरित और संतुलित पर्यावरण ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सच्ची विरासत है।

चार धाम यात्रियों को रवाना किया

रामगंजमंडी, (निसं)। शहर से करीब 100 महिला और पुरुष का ग्रुप 05 जून गुरुवार को चार धाम की यात्रा पर समाजसेवी सुनील गोयल के नेतृत्व में रवाना हुआ। यात्रियों को नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल, भाजपा देहात जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र काला व भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश गोविंद ने फुल माला पहना स्वागत कर रवाना किया। यात्रा हरिद्वार से प्रारंभ हो कर गंगोत्री धाम, यमनोत्री धाम व 12 व13 तारीख को केदारनाथ धाम दर्शन कर, बद्रीनाथ धाम जाएगी तथा ऋषिकेश हो कर रामगंजमंडी प्रस्थान करेगी। ग्रुप में यात्रियों की संखिया 100 से भी अधिक है।

गर्भवती महिला को एसडीपी उपलब्ध कराई

कोटा, (निसं)। टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि डाबी से कोटा लाई गई एक गर्भवती महिला को एबी पॉजिटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, ऐसे में परिजन के होने से एसडीपी के बारे में नहीं समझ पा रहे थे, निरंतर समय निकल रहा था, चिकित्सकों ने जब व्यवस्था नहीं हो पाई तो टीम जीवन दाता से संपर्क के लिए कहा, ऐसे में भुवनेश गुप्ता ने कई जगह प्रयास किया लेकिन दुर्लभ ग्रुप होने के कारण एसडीपी डोनर नहीं मिल पा रहे, हमेशा सेवा के लिए तत्पर रहने वाले अंशु गुप्ता अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने तीसरी बार एबी पॉजिटिव एसडीपी डोनेट की है।

विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

रामगंजमंडी, (निसं)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय रामगंजमंडी में गुरुवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुस्तकालय के पाठकों और स्टाफ द्वारा वर्ष 2024 में लगाए गए 25 पौधों की प्रथम वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत पौधों को कुमकुम-तिलक लगाकर पूजा-अर्चना से की गई। इसके उपरांत पर्यावरण संरक्षण की भावना को सुदृढ़ करते हुए पुस्तकालय परिसर में 10 नए पौधों का रोपण किया गया। नवरोपित पौधों में गुलमोहर, मीठा नीम, बड़, गुलाब, जंगल जलेबी, अशोक एवं पपीता जैसे पर्यावरण हितैषी पौधे शामिल रहे। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पाठकों और पुस्तकालय स्टाफ ने सभी पुराने व नए पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल करने की शपथ ली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता फैलाना एवं हरित क्षेत्र को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के अंत में पुस्तकालयअध्यक्ष कैलाश चंद राव ने सभी पाठकों और उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लखविंदर सिंह, हितेश कुमार चौधरी, नंद सिंह हाड़ा, पूजा गुर्जर, सुनील मीणा, एरांता गुर्जर, नीलम, प्रियंका, प्रियंका मीणा, माया, राधा व काजल सहित आदि पाठकगण उपस्थित रहे और सभी ने पौधारोपण में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अवैध पिस्टल सहित गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। विज्ञान नगर थाना इलाके में कार्यवाही करते हुए अवैध देशी हथियार पिस्टल मय दो जिंदा कारतूस सहित हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए संजय नगर उड़िया बस्ती निवासी हिस्ट्रीशीटर तालिब खान से अवैध देशी पिस्टल मय दो जिंदा कारतूस बरामद किये।

कोटा विकास प्राधिकरण

क्रमांक : एफ 7/डी.टी.पी./2025/33-38 :: विज्ञप्ति :: दिनांक 05.06.2025

राज्य सरकार द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के बनाये गए नियमों/प्रपत्रों के अन्तर्गत एवं राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.2.2021 के क्रम में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भू-उपयोग परिवर्तन प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु कोटा विकास प्राधिकरण में विचाराधीन है, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है, के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में कोटा विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड सं./ योजना का नाम	योजना/मास्टर प्लान अनुसार भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल
1.	टाईगर्स पगमार्क एल.एल.पी. जर्ये श्रीमती रागिनी पाडिया	भूखण्ड संख्या R-1 A पण्डित मदन मोहन मालवीय योजना, कोटा	रिसोर्ट	पर्यटन इकाई (होटल)	10486.49

सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण

राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड कोटा

क्रमांक 202 जाहिर आम सूचना दिनांक - 5.6.25

आवास संख्या 2-ए-20 विकास नगर बून्दी का आवंटन मंडल द्वारा श्री सत्यनारायण शर्मा पुत्र श्री रघुनाथ शर्मा को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री सत्यनारायण शर्मा पुत्र श्री रघुनाथ शर्मा द्वारा दिनांक 12.03.1991 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री सत्यनारायण शर्मा पुत्र श्री रघुनाथ शर्मा की मृत्यु दिनांक 31.08.2022 को हो चुकी है। श्री सत्यनारायण शर्मा पुत्र श्री रघुनाथ शर्मा द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 13.10.2020 को अपने पुत्र श्री अमित कुमार शर्मा स्व. श्री सत्यनारायण शर्मा के पक्ष में आलेखित की गई। श्री अमित कुमार शर्मा स्व. श्री सत्यनारायण शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-ए-20 विकास नगर बून्दी को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री अमित कुमार शर्मा स्व. श्री सत्यनारायण शर्मा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री अमित कुमार शर्मा स्व. श्री सत्यनारायण शर्मा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री अमित कुमार शर्मा स्व. श्री सत्यनारायण शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।

आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 628 जाहिर आम सूचना दिनांक - 5.6.25

आवास संख्या 3-एन-2 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री मनोज कुमार पुत्र श्री कुलदीप सिंह को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री अजय सोगानी पुत्र श्री उत्तम कुमार के नाम दिनांक 17.06.2002 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री अजय सोगानी पुत्र श्री उत्तम कुमार द्वारा दिनांक 18.09.2002 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री अजय सोगानी पुत्र श्री उत्तम कुमार द्वारा इस आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 11.10.2002 को मुख्तार आम आलेखित कर श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्र श्री डी.एन. प्रसाद को अपना मुख्तारआम नियुक्त किया गया। श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्र श्री डी.एन. प्रसाद मुख्तारआम श्री अजय सोगानी पुत्र श्री उत्तम कुमार द्वारा मुख्तारआम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 04.04.2025 को श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी श्री अनिल कुमार गुप्ता को किया गया। श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी श्री अनिल कुमार गुप्ता द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-एन-2 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी श्री अनिल कुमार गुप्ता का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी श्री अनिल कुमार गुप्ता का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी श्री अनिल कुमार गुप्ता के नाम दर्ज कर दिया जावेगा। उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू/2025/401 विज्ञप्ति दिनांकः-5.6.25

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रामचन्द्रपुरा योजना "आनन्द विहार" खसरा नं. 16 में स्थित भूखण्ड संख्या 101 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्रीमती प्रिया अरोरा पत्नि श्री हर्षद अरोरा निवासी-फ्लेट नं. 404 प्लान्ट नं. 56-73 सांई सबुरी अपार्टमेंट, नम्रता आवास बजरंग नगर कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 48 दिनांक 13.06.2016 को श्रीमती विनीता गेहानी पत्नि दीपक गेहानी के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 14.02.2019 से श्री अयाज पठान पुत्र श्री चान्द मोहम्मद पठान को किया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण नहीं करवाया गया तथा जर्ये पंजीकृत मुख्तारआम श्री कैलाश चन्द्र टूटेजा पुत्र श्री कन्हैयालाल टूटेजा द्वारा जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 27.03.2025 से आवेदक को कर दिया गया है।

अतः श्रीमती प्रिया अरोरा पत्नि हर्षद अरोरा के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू/2025/399 विज्ञप्ति दिनांकः-5.6.25

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम तेखडा में स्थित कृषि भूमि योजना अक्षरधाम भूखण्ड संख्या ए-116 खसरा नं. 8 आवेदक/आवेदिका श्री रघुनन्दन सिंह पुत्र श्री तंवर सिंह एवं महेन्द्र पुत्र श्री भैरूलाल निवासी बारखेडा पोस्ट गोलना तहसील खानपुर झालावाड राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 668 दिनांक 27.06.2013 को श्री ओम प्रकाश मेरोठा पुत्र श्री गोपी लाल के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 14.07.2017 को शोभा हाडा पत्नि श्री कुलदीप सिंह हाडा को किया गया। जिसका नाम हस्तान्तरण ऑनलाईन क्रमांक 456 दिनांक 28.07.2021 से जारी किया गया। शोभा हाडा द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 12.08.2021 को श्रीमती कमलेश गौतम पत्नि श्री राजेन्द्र कुमार गौतम एवं श्री राजेन्द्र कुमार गौतम पुत्र श्री श्याम सुन्दर गौतम के पक्ष में जारी किया गया। क्रेतागण कमलेश गौतम एवं राजेन्द्र कुमार गौतम द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 12.06.2024 को श्री गोविन्द नारायण पुत्र श्री किशन लाल के पक्ष में किया गया। क्रेता गोविन्द नारायण द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 20.11.2024 को जर्ये मुख्तारआम मोहम्मद जलील पुत्र श्री अब्दुल नर्फीस द्वारा आवेदको के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री रघुनन्दन सिंह पुत्र श्री तंवर सिंह एवं महेन्द्र पुत्र श्री भैरूलाल के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11/विक्रय/2025/87 दिनांकः-2.6.25

नाम हस्तांतरण चाहने बाबत् आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा योजना श्रीनाथपुरम-ए भूखण्ड संख्या 107 का नामहस्तांतरण पत्र क्रमांक 997 दिनांक 12.03.2021 को श्रीमती रजनी गुप्ता पत्नी श्री शम्भूदयाल गुप्ता के नाम हस्तांतरण किया गया था। श्रीमती रजनी गुप्ता पत्नी श्री शम्भूदयाल गुप्ता की मृत्यु दिनांक 17.01.2025 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्रीमती रजनी गुप्ता पत्नी श्री शम्भूदयाल गुप्ता के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्री शम्भूदयाल गुप्ता पुत्र श्रीनाथ गुप्ता एवं श्री ऋषभ अग्रवाल पुत्र श्री शम्भूदयाल गुप्ता एवं सुश्री मिनल सिंघल पुत्री श्री शम्भूदयाल गुप्ता द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 107 श्रीनाथपुरम-ए आवासीय अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरीये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या-107 योजना श्रीनाथपुरम-ए आवासीय का नाम हस्तांतरण श्री शम्भूदयाल गुप्ता पुत्र श्रीनाथ गुप्ता एवं श्री ऋषभ अग्रवाल पुत्र श्री शम्भूदयाल गुप्ता एवं सुश्री मिनल सिंघल पुत्री श्री शम्भूदयाल गुप्ता नाम से जारी कर दी जावेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11/विक्रय/2025/86 दिनांकः-2.6.25

नाम हस्तांतरण चाहने बाबत् आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा योजना श्रीनाथपुरम-बी आवासीय आवास संख्या 239 का आवंटन पत्र क्रमांक 236 दिनांक 06.10.1995 को श्री कजोड़ी लाल पुत्र श्री बिरधी लाल के नाम आवंटन किया गया था। आवंटी श्री कजोड़ी लाल की मृत्यु दिनांक 21.11.2023 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री कजोड़ी लाल पुत्र श्री बिरधी लाल के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्री रेखलाल महावर पुत्र स्व. श्री कजोड़ी लाल द्वारा उक्त आवास संख्या 239 श्रीनाथपुरम-बी आवासीय अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 239 योजना श्रीनाथपुरम-बी का नाम हस्तांतरण श्री रेखलाल महावर पुत्र स्व.श्री कजोड़ी लाल नाम से जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-143 विक्रय स्वीकृति चाहने बाबत आम सूचना दिनांकः-25.4.25

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा योजना विनोबा भावे नगर आवासीय का भूखंड/आवास संख्या 1142 श्री जानकी लाल शर्मा पुत्र श्री गोगा लाल को आवंटन/नीलामी पत्र दिनांक 28.12.2022 के द्वारा आवंटन किया गया था। अतः उक्त भूखंड की विक्रय स्वीकृति जर्ये मुख्तारआम श्री देवेन्द्र शर्मा पुत्र श्री मोहनलाल शर्मा द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम विक्रय स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 1142 योजना विनोबा भावे नगर आवासीय की विक्रय स्वीकृति श्री जानकी लाल शर्मा पुत्र श्री गोगा लाल जर्ये मुख्तारआम श्री देवेन्द्र शर्मा पुत्र श्री मोहनलाल शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

पश्चिम मध्य रेल

सिगनल एवं दूरसंचार विभाग

निविदा सूचना-दिनांक-03.06.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी. (सिगनल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यों Tender No. KOTA/SNT/ SIG/ 2025/13 के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय नीचे दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेन्डर सं.**-कोटा/ एस एण्ड टी/ सिग./2025/13, **कार्य का नाम**- रिप्लेसमेन्ट ऑफ सीसीआईपी विथ वीडीयू एट कोटा आरआरआई फॉर इनहेन्सिंग ऑपरेशनल एफिशियेन्सी। **कार्य की अनुमानित लागत**- रू.1,34,95,001/-, **बयाना राशि**-रू. 2,17,500/-, **तारीख एवं समय**-दिनांक 01.07.2025 को 15:00 बजे तक। पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई हैं। निविदा / बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/ बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। पंजीकृत निविदाए GSTIN पर रजिस्टर होना चाहिये।

(हस्ता.)

वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय)

पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल

सिगनल एवं दूरसंचार विभाग

निविदा सूचना-दिन